तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 26 जनवरी 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



कलशयात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा 12

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
23 जनवरी 2026
SHOW TIME
बॉर्डर - 2
शो समय
11:30, 12:00, 3:00, 4:00, 6:30, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# सरसीवां अंचल के किसानों की धान बेचने में मुश्किलें बढ़ीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

धान खरीदी का समय अब खत्म होने वाला है इधर अंचल के किसानों के धान नहीं बिकने की जानकारी मिल रही हैं। किसानों ने धान नहीं बिकने के कई कारण बताए जैसे किसानों के खसरे, रकबे में त्रुटि सुधार नहीं होने से उनका धान नहीं बिक रहा है, राजस्व विभाग के पटवारी और तहसील के ऑपरेटर किसानों का समय पर काम नहीं कर रहे हैं, धान उपार्जन केंद्र के समिति प्रबंधक, फंड प्रभारी और ऑपरेटर भी किसानों को सही सही जानकारी नहीं दे पा रहे हैं, कृषि विभाग के अधिकारी भौतिक सत्यापन के लिए आनाकानी कर रहे हैं इस कारण से किसान अपनी उपज बेचने से वंचित हो रहें हैं।

वारिसान धान पंजीयन के किसानों को तहसीलदार से धान खरीदने की अनुमति नहीं मिली है अनुमति मिल गई है खाद्य मॉड्यूल में उनके खसरे रकबे प्रदर्शित नहीं होने से धान बेचने में परेशानी हो रही है। जिनके खाद्य माड्यूल में खसरा,रकबा प्रदर्शित हो रहा है उनका समिति के मॉड्यूल में नहीं दिख रहा है इस कारण से किसानों का धान बेचने में परेशानी हो रही है किसान बिचौलियों के पास धान बेचने मजबूर हो रहें हैं। किसानों ने कहा कि शासन प्रशासन धान बेचने की प्रक्रिया को इतना कठिन कर दिया गया है कि कोई भी किसान अपना धान न बेच पाएं। अंचल के किसानों ने ▶▶ शेष पेज 17 पर

## खसरा-रकबा में त्रुटि सुधार नहीं होने से किसान परेशान



### दफ्तरों के चक्कर काट रहे किसान

इधर किसानों ने बताया कि वे धान बेचने के लिए हर कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं ऊपर से तहसील कार्यालय,धान उपार्जन केंद्र,खाद्य विभाग ,राजस्व विभाग, कृषि विभाग के अफसर, बाबू, ऑपरेटर किसानों के मोबाइल रिसीव नहीं करते जिससे लोगों का समय पर काम नहीं हो रहा है। इन कार्यालयों में ज्यादातर किसानों की भींड धान बेचने को लेकर है इनका कोई सुनने वाला भी नहीं है।हमारी पड़ताल से किसी न किसी कारण से सरसीवां अंचल के करीब 2 हजार से ज्यादा किसान धान नहीं बेच पाएं हैं ऐसे में धान खरीदी के समय में बढ़ोत्तरी बहुत जरूरी है अन्यथा हजारों किसान धान बेचने से वंचित हो जाएंगे। इस संबंध में सारंगढ़ जिला खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे से उनका पक्ष जानने फोन किया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया और बाद में कॉल बैक करना जरूरी नहीं समझा। वहीं सरसीवां तहसीलदार आयुष तिवारी ने फोन नहीं उठाया। इस संबंध में छ ग बसपा अध्यक्ष श्याम टंडन ने कहा कि किसानों के धान हर हाल में सरकार को खरीदना चाहिए अधिकांश किसान धान नहीं बेच पाएं हैं इसके लिए राज्य सरकार धान खरीदी के लिए एक माह का समय बढ़ाएं यदि सरकार किसानों के धान खरीदी नहीं करेगी तो हमें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि



**बलौदाबाजार** | गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह 26 जनवरी 2026 को जिला मुख्यालय स्थित पंडित चक्रपाणि शुक्ल हाई स्कूल मैदान में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा क्षेत्र सांसद बृजमोहन अग्रवाल ध्वजारोहण करेंगे। समारोह के. मिनट- टु- मिनट कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 8.59 बजे मुख्य अतिथि का मंच पर आगमन एवं स्वागत होगा और प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, राष्ट्रीय धुन एवं परेड सलामी, 9:5 बजे परेड का निरीक्षण, 9:10 बजे मार्च पास्ट, प्रातः 9:20 बजे मुख्य अतिथि के द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश वाचन तथा 9.35 बजे शहीद परिवारों का सम्मान,9:40 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10:10 बजे झांकी प्रदर्शन,10:25 बजे पुरस्कार वितरण पश्चात कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

### पेंशन एवं वेतन निर्धारण निराकरण कैम्प 27 को

**बलौदाबाजार** | छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव में अवसर पर पेंशन एवं वेतन निर्धारण संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह कैम्प संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर द्वारा जिला कोषालय बलौदाबाजार में 27 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी सौम्या शर्मा ने सभी विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को पेंशन एवं वेतन निर्धारण संबंधित प्रकरणों का निराकरण कराने हेतु शिविर में शामिल होने का आग्रह किया है।

### कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय के लिए भूमि आवंटित

**बलौदाबाजार** | कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के तहत औषधालय हेतु भूमि आवंटित कर दिया है। यह भूमि धारा 127 के तहत आवेदक सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा बलौदाबाजार को आवंटित किया है। जारी आदेशानुसार प्रतिवेदक अधिकारियों के प्रतिवेदन से सहमत होते हुए तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम कोकड़ी स्थित शासकीय भूमि (घास मद) खसरा नं. 845/2/क हेक्टेयर 5.041 हेक्टेयर में से 0.129 हेक्टेयर भूमि को छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 237(3) के तहत नोईयत परिवर्तन करते हुए श्रम विभाग को कर्मचारी जीवन बीमा औषधालय निर्माण हेतु आवेदक सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य को शर्तों के अधीन निःशुल्क आवंटित की गई है।

कार्रवाई : ग्रामीणों ने कार्रवाई का स्वागत किया

# गिधौरी में अवैध रेत खनन पर प्रशासन ने कसा शिकंजा, चार ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

समीपस्थ ग्राम पंचायत खपरीडीह के आश्रित ग्राम पहंदा में पंचायत के कुछ लोगों से मिलीभगत से महानदी का सीना चीर अवैध रेत एवं परिवहन लम्बे समय से खनन किया जा रहा था और ग्रामीणों ने कार्यवाही करने की मांग किया गया था क्योंकि अवैध गतिविधि न केवल पर्यावरण को नुकसान के साथ राजस्व का भी क्षति हो रहा है ग्राम पंचायत खपरीडीह के आश्रित ग्राम पहंदा में संचालित अवैध रेत खनन के खिलाफ रविवार को प्रशासन ने सख्त कदम उठाया।

युवराज कुर्रे द्वारा, तहसीलदार द्वारा पहंदा रेत खदान में औचक छापा मारते हुए ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई, जिसमें लगभग 4 ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई। ग्रामीणों का आरोप था कि कुछ पंचों एवं प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत से लंबे समय से अवैध रूप से रेत उत्खनन और परिवहन किया जा रहा था। कार्रवाई से रेत माफिया में हड़कंप मच गया है। तहसीलदार की इस कार्रवाई से स्पष्ट संकेत मिलता है कि प्रशासन अब अवैध खनन के खिलाफ सख्त रुख अपना रहा है। जब्त किए गए ट्रैक्टरों को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है और मामले की जांच जारी है।ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि आगे भी इसी तरह लगातार निगरानी रखकर अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगाई जाएगी।







### खनिज विभाग पर उठने लगे सवाल

बलौदाबाजार खनिज विभाग द्वारा गिधौरी क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत, गिट्टी, पत्थर की अवैध कारोबार रोकने के लिए गिधौरी में माईनिंग विभाग से दो कर्मचारी की नियुक्ति किया गया है, परंतु माईनिंग विभाग के दोनों कर्मचारी कार्यवाही न कर रात के अंधेरे में प्रत्येक ट्रेक्टरों से अवैध वसूली किया जाता है। क्षेत्र में अवैध कारोबारियों का हौसला बुलंद होते जा रहा है। गिधौरी क्षेत्र हसुवा, बलौदा, घटमडवा पहंदा में खुलेआम रेत की अवैध खनन जोरों पर चल रहा है और खपरीडीह में अवैध पत्थर का खनन और परिवहन जोरों पर चल रहा है। फिर माईनिंग विभाग कार्यवाही के बजाय अवैध वसूली में मदमस्त है। माईनिंग विभाग की दो कर्मचारी गिधौरी क्षेत्र एक सप्ताह रहते है उसके बाद एक सप्ताह बाद दो कर्मचारी आते और हर हप्ते में अलग अलग माईनिंग विभाग के कर्मचारी बदलते रहता है। अभी तक माईनिंग विभाग द्वारा तीन माह हो गया है किंतु अवैध कारोबारी पर कोई ठोस कार्यवाही नही किया गया है।

# छात्रा को एयरगन से फायरिंग कर घायल करने वाले 3 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम खैरा स्थित शासकीय स्कूल में 24 जनवरी को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित था। स्कूल की बाउंड्रीवाल के पास स्कूल में अध्ययनरत एक छात्रा के पैर में गोली एयरगन का छर्रा लग गया है। घटना में अज्ञात आरोपियों द्वारा जान से मारने की नियत से एयर गन से फायरिंग की गई थी। जिसमें से निकले छर्रे से बालिका के पैर में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता की रिपोर्ट पर चौकी करहीबाजार में अपराध क्र. 70/2026 धारा 109, 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

- छर्रे से बालिका के पैर में आई गंभीर चोटें

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में चौकी करहीबाजार पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण में संलिप्त 3 तीन आरोपियों को हिरासत में ▶▶ शेष पेज 17 पर

### पकड़े गए आरोपी

- देवनाथ जायसवाल उम्र 29 साल निवासी ग्राम पाटन थाना भाटापारा ग्रामीण
- तेजराम जायसवाल उम्र 32 साल निवासी ग्राम पाटन थाना भाटापारा ग्रामीण
- मुरलीधर ध्रुव उम्र 25 साल निवासी ग्राम पाटन थाना भाटापारा ग्रामीण

# बच्चों को जीवन में खेल का बताया गया महत्व



**गोपालपुर** | विकासखण्ड बिलाईगढ़ अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला हरदी संकुल रोहिना में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौरी शंकर कर्ष संकुल समन्वयक ने शुभारंभ किया। सभी बच्चों को खेल का जीवन में महत्व बताया। अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग, खेल, व्यायाम आदि का प्रतिदिन अभ्यास करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। खेल में जीत तथा हार तो होता है हमें हताश नहीं होना चाहिए। प्रधान पाठक रामदुलार निराला ने सभी बच्चों से कहा कि जीवन में खेलों का महत्व, अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग का अभ्यास करना चाहिए। वार्षिक ▶▶ शेष पेज 17 पर

### ये रहे विजेता

दौड़ में प्रथम स्थान भूपेन्द्र, शुभम, देविका द्वितीय स्थान में स्वाति, पंकज, कनिका रहे। सुई धागा दौड़ में प्रथम स्थान लीशा बर्मन, द्वितीय स्थान में लवली खूंटे, गुब्बारा दौड़ में प्रथम स्थान लवली खूंटे, द्वितीय स्थान लीशा बर्मन, जलेबी दौड़ में प्रथम स्थान पंकज लहरे तथा दूसरे स्थान पर विकास खूंटे रहे। कुर्सी दौड़ पर देविका लहरे, लवली खूंटे को स्थान प्राप्त हुआ। चम्मच कंचा दौड़ पर प्रथम स्थान शुभम, द्वितीय स्थान लीशा बर्मन को प्राप्त हुआ।

## यातायात नियम तोड़ने पर सख्ती लगा सात हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की पहचान कर, उनके विरुद्ध त्वरित कार्यवाही हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना त्रिनयन शिकायत हेल्प लाइन प्रारंभ किया गया है, शिकायत हेल्पलाइन नंबर में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है।



इसी तारतम्य मे भाटापारा शहर की पुलिस टीम द्वारा शहर में तेज एवं खतरनाक तरीके से एवं मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर तेज एवं कर्कश बैकफायर की आवाज करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन कर बाइक चलाने वाले 01 वाहन चालक को पकड़ा गया। पुलिस द्वारा उक्त यामाहा मोटरसाइकिल क्र. सीजी 04 पीवी 7167, वाहन स्वामी देवेंद्र यादव उम्र 22 वर्ष निवासी माता देवालय वार्ड के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही कर 7000 सम्मन शुल्क वसूल किया गया है। साथ ही कार्यवाही में पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल में लगे मॉडिफाई साइलेंसर को भी निकलवाया गया।

# धान खरीदी में लापरवाही पर कलेक्टर ने 10 नोडल अधिकारियों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने धान खरीदी अंतर्गत भौतिक सत्यापन के दौरान गंभीर लापरवाही बरतने वाले 10 उपार्जन केंद्र के नोडल अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब 24 घण्टे के भीतर देना होग़ा। आदेश में कहा गया है कि जिला कार्यालय द्वारा समीक्षा बैठक एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये धान खरीदी कार्य का सुचारू रूप से नियंत्रण,पर्यवेक्षण एवं स्पष्ट रूप से भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिये जाते रहे है, किन्तु आपके द्वारा पी व्ही एप्प में टोकन का भौतिक सत्यापन में सही ढंग से फोटो नहीं लिया गया है।

नोटिस जारी होने वाले नोडल अधिकारियों में बलौदाबाजार अनुभाग अंतर्गत उपार्जन केन्द्र करमदा के सुशील पटेल,उपार्जन केंद्र देवरी के शशि प्रकाश पटेल, सिमगा अनुभाग से उपार्जन केंद्र मोहरा के नोडल अधिकारी दीनदयाल चतुर्वेदी, उपार्जन केंद्र सिमगा के सिकेश ध्रुव, पलारी अनुभाग से उपार्जन केंद्र अमेरा के प्रभात वर्मा, कसडोल अनुभाग से उपार्जन केंद्र नरधा के ओ. पी. भारद्वाज,उपार्जन केंद्र सर्वा देवेश देवांगन, उपार्जन केंद्र हसुवा के पुष्पेंद्र पटेल, उपार्जन केंद्र बलदाकछार के योगेश कुमार ध्रुव शामिल है ।इसी प्रकार धान उपार्जन केंद्र खरतोरा में फर्जी धान खरीदी मामले में उपार्जन केंद्र के नोडल अधिकारी देवेंद्र वर्मा को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। उपरोक्त कर्मचारियो का जवाब संतोष जनक नहीं होने की स्थिति में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### संयुक्त जांच टीम ने 307 क्विंटल अवैध धान किया जब्त



बलौदाबाजार | कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं मार्गदर्शन में खरीफ विपणन वर्ष 2025 -26 में धान खरीदी कार्य को सुचारु और पारदर्शी तरीके से करने अवैध धान और राइस मिलों पर सघन कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को तहसील टुण्डरा में जांच टीम द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान 307.20 क्विंटल धान अधिक पाया गया जिस पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण दर्ज कर धान जब्त किया किया गया। इसी तरह ग्राम सिंघारी के थोक व्यापारी साहू ट्रेडर्स हेमंत साहू के प्रतिष्ठान में 252 क्विंटल धान को उनके द्वारा संधारित पंजी से मिलान नहीं होने के कारण मौके पर जब्ती की कार्यवाही करते हुए उनके गोदाम को सील किया गया। गौरतलब है कि कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर अवैध धान परिवहन एवं भण्डारण सहित बिचौलियों पर सख़्ती से

न्यायिक मजिस्ट्रेटों ने ग्रामीणों से संवाद कर बताए गए उपाय

# महिला कमांडो दल दी गई विधिक सहायता की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



रविवार को चित्रोत्पला महानदी के किनारे बसे गांव - धमनी जो विकासखंड पलारी के अंतिम छोर पर है जहां पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला-बलौदाबाजार द्वारा विधिक जागरूकता अभियान के तहत नीम चौक धमनी मे उपस्थित महिला कमांडो दल एवं ग्राम वासियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पूजा चंद्रा एवं माला यादव द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता के सबंध में सम्पूर्ण जानकारी दी गई एंव सहायता प्राप्त करने के उपाय जो मानव दुर्व्यवहार से पीड़ित है, स्त्री या बालक के प्रति अत्याचार पर/बाढ़ सूखा औद्योगिक विकास की दशाओं के अधीन सताया गया/जिसके वार्षिक आय एक लाख पचास हजार है।

अनुसूचित / अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को निःशुल्क विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सेवा प्रदान किये जाने की जानकारियां दी गई। एवं कमांडो दल के द्वारा नशामुक्त गांव-धमनी बनाने के लिए प्रशंसा करते हुए कोई परेशानी आए तो थाना पलारी को सुचित करने की बातें बताई गई। प्रथम बार धमनी वन विश्राम गृह परिसर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वय पूजा चंद्रा और माला यादव ने भ्रमण किया धमनी महानदी से जुड़ी जानकारी अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति धमनी रामनारायण यादव द्वारा स्वागत करते हुए जानकारी दिया गया कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति धमनी रामनारायण यादव द्वारा किया गया ।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम मे ग्राम पंचायत धमनी सरपंच हरदयाल पैकरा, उपसरपंच मिनेंद यादव, जनपद चंद्रकुमार पैकरा, पूर्व जनपद बिहस राम, कलिहारी, भीम सिंह पैकरा एवं महिला कमांडो दल के अध्यक्ष जहुरिन पैकरा, उपाध्यक्ष जेठिया यदु, प्रमिला यदु, नीता बाई, शांति बाई केवरा बाई, आंगनबाड़ी सरिता पैकरा, अंजू यदु सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं तथा प्रधान आरक्षक युगल साहू, पी एल व्ही सुकदेव सेन, ओजस अग्रवाल, लोकेश यदु थाना पलारी स्टाफ उपस्थित रहे है।


आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.


online Booking:-www.tripuryatra.com




बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411







संकलनकर्ता- इन्द्र कोटवानी,हरिभूमि संवाददाता तिल्दा-नेवरा, मो.- 93006886939, 7000171605

समस्त प्रदेशवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

# ओम हॉस्पिटल

आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता

श्री विनोद अग्रवाल
(Managing Director)

डॉ. कमलेश अग्रवाल
(Director)
एम.बी.बी.एस., एम.एस, एम.सी.एच.
बर्न, प्लास्टिक, कॉस्मेटिक और रिकन्सट्रक्टिव सर्जन

डॉ. विजय अग्रवाल
(Director)
एम. डी. एस. मैक्सिलोफेशियल और ओरल कैंसर सर्जन



सुविधाएं:- हमारे यहां ईलाज हेतु सभी शासकीय योजनाओं की सुविधा उपलब्ध है।

- बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक यूनिट
- मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
- ट्रामा, एक्सीडेंट, आपातकालीन विभाग
- गहन चिकित्सा विभाग
- कैंसर रोग
- बच्चे दानी का कैंसर
- नाक, कान एवं गला रोग
- मेडिसिन विभाग
- शिशु रोग
- चर्मरोग विभाग
- हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण
- मस्तिष्क रोग
- हेयर ट्रांसप्लांट यूनिट
- डायलिसिस यूनिट
- नशामुक्ति एवं मानसिक रोग इलाज
- पेट सम्बन्धित रोगों का इलाज
- गेस्ट्रोएंट्रोलॉजी, नेफ्रोलॉजी विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- श्वास एवं छाती रोग
- जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- टेढ़े-मेढ़े दांतों व दंत रोग
- नॉर्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी
- एडवांस पैथोलॉजी यूनिट
- सोनोग्राफी, ईको, ई. सी. जी.
- मल्टीस्लाइस सी. टी. स्कैन
- फुली मॉडुलर ऑपरेशन थिएटर

पता: ओम हॉस्पिटल, खरोरा रोड, बहेसर, तिल्दा-नेवरा, (छ.ग.)
फ़ोन नंबर: 70003-74946, 93027-34809

हमारे अन्य ब्रांच
ओम हॉस्पिटल रायपुर — एच.पी. पेट्रोल पंप के पास, महादेव घाट रोड, रायपुरा, रायपुर, संपर्क - 83700-08551
ओम हॉस्पिटल जगदलपुर — हटा ग्राउंड के सामने, जगदलपुर (बस्तर), संपर्क- 8435908123
ओम हॉस्पिटल सरायपाली — स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, नेशनल हाइवे, सरायपाली (छ.ग.), Ph-07725-299360, Mob-83700-08558

समस्त प्रदेशवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

# ज्योति हॉस्पिटल
## एवं प्रसुति गृह

24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध एवं आपात कालीन सुविधा उपलब्ध

## डॉ. ज्योति वाधवा
(प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ)



आकस्मिक चिकित्सा
चिकित्सा के क्षेत्र में एक विशेषज्ञता है जिसमें चिकित्सक को गम्भीर बीमारी या चोट वाले रोगियों की चिकित्सा की व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है।
ICU आपातकालीन सुविधा उपलब्ध है।

रजिस्ट्री ऑफिस के पास, सरस्वती शिशु मंदिर रोड सेतपाल नगर, तिल्दा नेवरा
मो.-7694907897, 07489512346

नोट- असुविधा से बचने के लिए फोन से अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें।

समस्त देशवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

# श्री सांई पैकरा हॉस्पीटल

## डॉ. किशन चिरानिया
(एम.एस. ओ.बी.जी. वाई)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
सोनोग्राफी, बांझपन, लैप्रोस्कापी विशेषज्ञ



बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने,
खरोरा रोड तिल्दा, जिला- रायपुर (छ.ग.)

24 घंटे एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध एवं आपातकालीन सुविधा उपलब्ध

समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

जिसका ताज हिमालय है, जहां बहती गंगा है,
जहां अनेकता में एकता है, सत्यमेव जयते जहां का नारा है,
जहां मजहब भाईचारा है, वो भारत वतन हमारा है।

# खुशी हॉस्पिटल

24 घंटे एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध एवं
आपात कालीन सुविधा उपलब्ध

डॉ. भोजराज मोहनानी
(एम.बी.बी.एस., एम.एस.)
पेट रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन

डॉ. श्रीमती मुक्ता मोहनानी
(महिला रोग विशेषज्ञ)

पता- गायत्री मंदिर चौक, भैरवगढ़ धाम, तिल्दा नेवरा

विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधा उपलब्ध

संकलनकर्ता- इन्द्र कोटवानी, हरिभूमि संवाददाता तिल्दा-नेवरा, मो.- 93006886939, 7000171605

**खबर संक्षेप**

## छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर सरकार की मंशा संदिग्धः गोपी साहू

पलारी। छत्तीसगढ़ में मौजूदा हालात को देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि सरकार की मंशा धान खरीदी को लेकर साफ नहीं है। जब धान खरीदी का आरंभ हुआ, उसी समय सहकारी समितियों के कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। सरकार ने कर्मचारियों से संवाद



करने के बजाय एस्मा एक्ट लगाकर एफआईआर दर्ज कराई और उन्हें हड़ताल स्थल से जबरन हटाया गया उक्त बातें पलारी नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने प्रेस से कही। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटरों की 12 महीने की मानदेय व्यवस्था को घटाकर 6 महीने कर दिया गया। इसके बाद आउटसोर्सिंग के जरिए नई भर्ती की गई। वर्षों से कार्यरत पुराने कर्मचारियों की जगह नए लोगों को लाया गया। फिर जब कर्मचारी नौकरी के डर से हड़ताल खत्म कर वापस लौटे, तो आउटसोर्सिंग से भर्ती किए गए कर्मचारियों को भी निकाल दिया गया। यह पूरी प्रक्रिया कर्मचारियों के साथ एक भद्दा मजाक और सरकार के असंवेदनशील रवैये को दर्शाती है। आगे कहा कि धान खरीदी के शुरुआती दौर में जहां प्रतिदिन 1000 क्विंटल खरीदी की व्यवस्था थी, उसे घटाकर केवल 250 क्विंटल कर दिया गया। इसका नतीजा यह है कि आज भी बड़ी संख्या में किसान अपना धान बेचने से वंचित हैं। किसानों के खेतों में गिरदावरी और भौतिक सत्यापन कराया गया, वहीं एग्रीस्टेक पंजीयन के नाम पर सैकड़ों किसानों को 10 से 15 दिनों तक तहसील, सोसायटी और सीएससी केंद्रों के चक्कर काटने पड़े। धान खरीदी की अवधि बढ़ाने की हुई मांगसबसे गंभीर बात यह है कि जिन अधिकारियों द्वारा पहले ही गिरदावरी और भौतिक सत्यापन किया जा चुका था।





**प्रवचन : ग्राम सेल में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ**

# कलशयात्रा के साथ शुरू हुई श्रीमद भागवत कथा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

ग्राम सेल में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के पहले भव्य कलशयात्रा गांव में शोभायात्रा निकाली गयी।गांव की युवतियां और महिलाओं ने बड़ी संख्या में कलशयात्रा में सम्मिलित हुईं। गांव के बंधवा तालाब में जल भरकर कथा स्थल तक पहुंचाया गया हैं। दोपहर साढ़े तीन बजे कलशयात्रा निकाली गयी। 25 जनवरी से 2 फरवरी तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन रखा गया है, जो स्थानीय गुड़ी चौंक में होगा। समय दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक होगा। पंडित दिनेश कुमार दूबे चांपा पुरगांव वाले होंगे आयोजक समिति नवयुवक एकता समिति गुड़ी चौक सेल कसडोल में 25 जनवरी को पूजन कलश यात्रा निकली एवं षटध्यायी हुई। 26 को परीक्षित श्रॉफ एवं वराह अवतार की कथा, 27 जनवरी को शिव चरित्र ध्रुव एवं जड़भरत की कथा, 28 जनवरी को नृसिंह अवतार व समुद्र मंथन की कथा, 29 जनवरी को श्री कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया जाएगा, 30 जनवरी को रूखमणी विवाह का कथा सुनाया जाएगा, 31 जनवरी को सुदामा चरित्र का कथा श्रवण कराया जाएगा। एक फरवरी को कथा समापन एवं चढ़ोतरी होगा, 2 फरवरी को हवन सहस्त्रधारा ब्राह्मण भोजन कपिला तर्पण एवं यज्ञ विसर्जन किया जाएगा। जिसमें मुख्य यजमान जानकी देवी वर्मा, हरलाल वर्मा, यजमान उषा साहू, राधेश्याम साहू, सावित्री वर्मा, बंशीलाल वर्मा होंगे। परायणकर्ता पंडित वृंदा प्रसाद जांजगीर वाले होंगे।

**ये रहे मौजूदः** नवयुवक एकता समिति के अध्यक्ष हरिश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष रामकुमार कर्ष, कोषाध्यक्ष संजय डडसेना, सचिव अनुप कुमार वर्मा, संरक्षक रमेश कुमार वर्मा, अजय प्रताप साहू, विवेक वर्मा, बिहारीलाल जायसवाल, अजय जायसवाल, पंकज कुमार साहू, रघुवीर शरण डडसेना, भूपेंद्र कुमार जायसवाल, कार्तिक साहू, प्रवीण कुमार जायसवाल, विक्की वर्मा, श्रीकांत साहू, घनश्याम वर्मा, रोहित साहू, विष्णु वर्मा सहित बड़ी संख्या में कलशयात्रा में सम्मिलित हुए थे।

## नवधा रामायण में 30 मंडलियों ने रामचरित मानस का किया बखान

खरोरा। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम मल्दी में अखंड त्रि-दिवसीय नवधा रामायण का भव्य आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन 21 जनवरी से 25 जनवरी



तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से जुड़े लोक कलाकारों द्वारा रामचरितमानस का रस पूर्ण बखान किया गया, जिसमें कुल 30 मानस मंडलियों ने सहभागिता निभाई। 21 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ श्री अखंड नवधा त्रि-दिवसीय रामायण का शुभारंभ किया गया। वहीं 25 जनवरी को सहस्त्रधारा एवं विसर्जन कार्यक्रम ऐतिहासिक और भव्य रूप से संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान विभिन्न गांवों से पधारी मानस मंडलियों ने रामकथा का भावपूर्ण वाचन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाली प्रत्येक मानस मंडली को आयोजन समिति की ओर से शील्ड, श्रीफल एवं 1001 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। यह राशि पूर्णतः आयोजन समिति द्वारा प्रदत्त की गई।रामायण पाठ में शामिल प्रमुख मानस मंडलियों में सोम मानस मंडली लोहरसी (बिलासपुर), राधे मानस मंडली रायपुर, जानकी मानस मंडली गरियाबंद, मानस मंडली कर्मदा-कोसमंदी एवं शिकारी के सली प्रमुख रूप से शामिल रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन परमानंद वर्मा, गोपाल वर्मा एवं सुनील वर्मा द्वारा किया गया। आयोजन की सफलता में ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति का सराहनीय योगदान रहा।

## श्रीमद्भागवत का श्रवण मनुष्य को ले जाता है मोक्ष की ओर

खरोरा । ग्राम परसदा कनकी में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ अवसर पर विविध पावन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। था व्यास पंडित ओमप्रकाश शर्मा ने सर्वप्रथम भगवान श्रीकृष्ण एवं देवी रुक्मिणी के विवाह प्रसंग का सुंदर वर्णन करते हुए बताया कि यह विवाह भक्त



और भगवान के दिव्य मिलन का प्रतीक है। रूखमणी की निष्कलंक भक्ति एवं श्रीकृष्ण की करुणा ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। रूखमणी विवाह को झांकी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात जरासंध वध (जरावत) प्रसंग के माध्यम से धर्म की विजय और अधर्म के विनाश का संदेश दिया गया। कथा में बताया गया कि भगवान श्रीकृष्ण ने पांडवों के साथ मिलकर अत्याचारी जरासंध का अंत कर पृथ्वी को भारमुक्त किया। कथा के दौरान सुदामा चरित का अत्यंत मार्मिक वर्णन हुआ, जिसमें सच्ची मित्रता, त्याग और संतोष का भाव उजागर हुआ। सुदामा की निर्धनता में भी अटूट भक्ति और श्रीकृष्ण की निष्काम कृपा ने श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दीं। सुदामा का किरदार जितेंद्र निर्मलकर जितला कनकी द्वारा सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया गया। अंत में राजा परीक्षित मोक्ष प्रसंग का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने बताया कि श्रीमद्भागवत का श्रवण मनुष्य को मोक्ष की ओर ले जाता है। शुकदेव जी द्वारा कही गई कथा सुनकर राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई, जो भागवत महापुराण की महिमा को दर्शाता है। समिति द्वारा पूजा पश्चात प्रसादी वितरण किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक समिति के सदस्य ने बताया कि कथा के अंतिम दिवस समापन में समस्त श्रद्धालुओं हेतु महाभंडारा का आयोजन किया गया।

# परिवार और समाज की नींव होती है बेटियां :रानी जैन



हरि भूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

एकीकृत बाल विकास परियोजना तिल्दा के तत्वाधान बालिका दिवस का आयोजन किया गया। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को देशभर में बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और समान अवसरों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। तिल्दा जनपद सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में ज़िला पंचायत सदस्य स्वाति बर्मा, जनपद उपाध्यक्ष दुलारी वर्मा,जनपद सदस्य -गीताजालि घृत्तलहरे,सरोज भरद्वाज, तिल्दा नपा पार्षद रानी सौरभ जैन पारुल अग्रवाल ने मां सरस्वती प्रतिमा में माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर अतिथियों ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत बालिकाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बेटियां समाज की शक्ति और भविष्य की नींव हैं।वक्ताओं ने बालिकाओं के अधिकार शिक्षा और लैंगिक समानता पर जोर देते हुए अधिकार शिक्षा स्वास्थ्य और सुरक्षा पर विशेष रूप से ध्यान देने की बात की। जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा ने कहा समाज में समानता लाने के लिए भारत सरकार ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुरुआत की थी। स्वाति ने कहा बेटी कुदरत का अनमोल उपहार है उसे जीने और आगे बढ़ने का पूरा अधिकार मिलना चाहिए .उन्होंने कहा कि बालिकाओं के सपनों को साकार करने के लिए समाज को उन्हें प्रोत्साहित करना होगा तथा लैंगिक भेदभाव को समाप्त कर सकारात्मक सोच विकसित करनी होगी .उन्होंने कहा जहां समानता होती है वही वास्तविकता विकास संभव है .उन्होंने बालिकाओं को अपने स्वास्थ्य तथा पोषण पर विशेष ध्यान देते हुए अपने अध्यापन में उत्कृष्टता प्राप्त करने को कहा।

## आज बेटिया किसी से कम नहीं : जैन

पार्षद रानी सौरभ जैन ने कहा बेटियां हमारे समाज की आधारशिला है .आज बेटिया किसी से कम नहीं है वे परिवार और समाज की नीव होती है. तथा वंश परंपरा को आगे बढाती है उन्होंने कहा कि आज बेटियां शिक्षा खेल राजनीति और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेहनत व लगन से सफलता प्राप्त कर अपने परिवार समाज देश का नाम रोशन कर रही है..उन्होंने कहा बेटियों का हमारे देश इतहास रहा है.रानी लक्ष्मी बाई, देवी अहिल्या, जीजा बाई जैसे अनेक उदाहरण हैं इन मातृशक्तियों ने राष्ट्र की बागडोर संभाली और नेतृत्व भी किया।

## सकारात्मक सोच विकसित करना है उद्देश्य : ठाकुर

परियोजना अधिकारी रंजना ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का उद्देश्य समाज में फैली कुर्तियां को दूर कर सकारात्मक सोच विकसित करना है ताकि बालिकाओं को सम्मान महत्व और सम्मान मिल सके.इसके पहले कार्यक्रम में आए अतिथियो का आयोजको ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर 10 वीं कक्षा में अध्यापन में उत्कृष्ट श्रेणी से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थीयो को पुरस्कृत किया गया, आंगनबाडी के बालिकाओं को अतिथियों द्वारा पोषण टोकरी देकर बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया कार्यक्रम में पर्यवेक्षक कमलेश लकडा पार्वती वर्मा, स्मिता परगनिहा प्रीयंका तिवारी, गंगोत्री वर्मा ,अपराजिता सिंग, नीतू जायसवाल, छोटेलाल नोर्गे उपस्थित थे ।










संकलनकर्ताः दलजीत सिंह चावला, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, मो. 99262-04007














संकलनकर्ता: दलजीत सिंह चावला, ब्यूरो चीफ, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, समाचार (प्रतियां), समाचार, विज्ञापन हेतु संपर्क करे...मो.: 9926204007














संकलनकर्ताः दलजीत सिंह चावला, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, मो. 99262-04007

सहयोगी : हेमंत साहू, हरिभूमि संवाददाता सेल मोबाइल 9755924268 समाचार, विज्ञापन, ईश्तहार के लिये संपर्क करें















































संकलनकर्ता: दलजीत सिंह चावला, हरिभूमि ब्यूरो प्रमुख, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, मो. 99262-04007

समाचार, विज्ञापन, ईश्तहार के लिये संपर्क करें

समस्त प्रदेशवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

# नंदिनी हॉस्पिटल, तिल्दा

बिजली ऑफिस के सामने, हॉटल राजधानी के पास, पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक, तिल्दा (छ.ग.)

Mob.: 8085015186, 8839896160 E-mail: nandinihospital042023@gmail.com



**डॉ. इप्सिता दीप**
M.B.B.S., DGO MS (Ob-Gyn)-CMC Yellore
DNB (Ob-Gyn), Fellowship (Infertility)

**डॉ. देवेश वर्मा**
M.B.B.S., MS
Endoscopy Surgeon
(पेटरोग विशेषज्ञ)

**डॉ. गिरीश गोटिया**
D-Ortho
(हड्डी रोग विशेषज्ञ)

**डॉ. राजेश बेलदार**
MD, Anaesthesia
(निश्चेतना विशेषज्ञ)

**डॉ. देवेश डहरिया**
M.B.B.S.

## स्त्री रोग जांच एवं ईलाज

- नार्मल डिलवरी
- सिजेरियन डिलवरी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- स्तन कैंसर
- स्त्री रोग से संबंधित सभी रोगों का ईलाज किया जाता है।

## हड्डी रोग जांच एवं ईलाज

सभी प्रकार के ऑपरेशन, सभी प्रकार के दर्द, नाड़ी दर्द, कमर दर्द, घुटना दर्द, सभी प्रकार के फैक्चर एवं मोच का उपचार, टेढ़े-मेढ़े पैरों का सीधा किया जाना, घुटने एवं कुल्हे जोड़ो का ईलाज एवं प्रत्यारोपण की सुविधा, प्लास्टर एवं जोड़ों में इंजेक्शन लगाने की सुविधा, जनरल जांच बी.पी., शुगर, पेट रोग के जांच की सुविधा, स्पोर्टस इन्जुरी के उपचार की सुविधा

## शिशु रोग जांच एवं ईलाज

- बच्चों की भर्ती सुविधा उपलब्ध
- बच्चों के लिए NICU 5 बिस्तर

## जनरल मेडिसिन

बी.पी., शुगर, पीलीया, पेट दर्द, मलेरिया, टायफाईड, उल्टी-दस्त, बुखार, लकवा इत्यादि के ईलाज की सुविधा



**24 घंटे सोनोग्राफी की सुविधा**

**एक्स-रे सुविधा | एम्बुलेंस सुविधा | 24 घंटे आपातकालीन सुविधा**

- 24 घंटे विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा ईलाज की सुविधा
- शिशु एवं बाल रोग सुविधा
- चर्म रोग विभाग
- दंत रोग विभाग
- रायपुर के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
- सर्वसुविधा युक्त ट्रामा यूनिट सुविधा
- सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा
- डिजिटल एक्स-रे सुविधा
- एडवांस पैथलैब सुविधा
- 24 घंटे एंबुलेन्स सुविधा
- 24 घंटे मेडिकल सुविधा



**सुनिल मेडिकल, तिल्दा | ज्ञान मेडिकल, सिंधी कैम्प तिल्दा**

---



समस्त प्रदेशवासियों को

# गणतंत्र दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**महेश अग्रवाल**
वरिष्ठ भाजपा नेता,
पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष
तिल्दा नेवरा

वंदे मातरम्



**विकास कोटवानी**
मंत्री भारतीय जनता पार्टी
रायपुर जिला ग्रामीण



**रमेश (रिंकू) अग्रवाल**
युवा भाजपा नेता, तिल्दा-नेवरा

---

हमारी ओर से आप सभी को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!

# चैतन्य सॉल्वेंट


## बहेसर खरोरा रोड, तिल्दा

## राइस ब्रांड तेल के निर्माता

**BENEFITS OF RICE BRAND OIL**

- Boosts Heart Health
- Beneficial for Diabetics
- Aids Weight loss
- Treats Dark Spots
- Helps Treat Eczema
- Treats Acne
- Helps Delay Aging
- Boosts Hair Growth





**प्रो. - जितेन्द्र अग्रवाल, मो. 93007 00009**

---

समस्त प्रदेशवासियों को

# गणतंत्र दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**आशा देवी साहू**
जिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपभोक्ता
संरक्षण फोरम
नरेन्द्र मोदी विचार मंत्र



**दास जी साहू**
प्रदेश महासचिव छत्तीसगढ़ एवं
प्रदेश प्रभारी छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश
राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम मोदी विचार मंत्र



**अशोक यादव**
मंडल अध्यक्ष, तिल्दा-नेवरा
राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण
फोरम नरेन्द्र मोदी विचार मंत्र



**श्रीमती पूनम देवांगन**
जिला वरिष्ठ अध्यक्ष रायपुर
राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण
फोरम नरेन्द्र मोदी विचार मंत्र



**राजेश कुमार साहू**
जिला उपाध्यक्ष रायपुर
जिला उपभोक्ता संरक्षण
फोरम नरेन्द्र मोदी विचार मंत्र

संकलनकर्ता- इन्द्र कोटवानी, हरिभूमि संवाददाता तिल्दा-नेवरा, मो.- 93006886939, 7000171605

# तिल्दा में मनाया गया प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 57वां पुण्य स्मृति दिवस

## विश्व शांति दिवस के रूप में श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र, तिल्दा में संस्था के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 57 वाँ पुण्य स्मृति दिवस अत्यंत श्रद्धा, शांति और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में नगर तिल्दा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भाई-बहन शामिल हुए । आयोजन का उद्देश्य मानव समाज में शांति, सद्भाव, नैतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ परमात्मा शिव की स्मृति में सामूहिक मौन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इस मौके पर मंचासीन अतिथियों द्वारा निराकार शिव बाबा का ध्वज फहराया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने तालियों और शांति भाव से नमन किया। ध्वज फहराने का यह आयोजन विश्व में शांति, पवित्रता और एकता के संकल्प का प्रतीक रहा।इस अवसर पर "वंदे मातरम्" गीत की 150 वीं वर्षगांठ भी गरिमापूर्ण रूप से मनाई गई। जैसे ही सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गान हुआ, पूरा सभागार राष्ट्रभक्ति की भावना से गूंज उठा। सभी अतिथि एवं उपस्थित जन भारत माता के सम्मान में खड़े होकर इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि स्वाति वर्मा (जिला पंचायत सभा पतिने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आयोजित हर कार्यक्रम जीवन को आत्मिक रूप से सशक्त बनाता है।ब्रह्मा बाबा द्वारा किए गए ईश्वरीय कार्य में सभी का सहयोग न केवल व्यक्तिगत जीवन के लिए, बल्कि भारत और पूरे विश्व के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगा। उन्होंने जोर दिया कि इससे वर्तमान समय की अनेक समस्याओं का समाधान संभव है।





### पुष्पांजलि अर्पित कर ग्रहण किया ब्रह्मा भोज

पार्षद रानी जैन ने प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के 57वें पुण्य स्मृति दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ केंद्र में आकर उन्हें सदैव शांति, सकारात्मकता और आत्मिक ऊर्जा की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सही दिशा और संस्कार प्रदान करते हैं।इस मौके पर उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित की और ब्रह्मा भोजन ग्रहण किया।कार्यक्रम में बी.के. प्रियंका दीदी ने प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के जीवन, त्याग, तपस्या और आध्यात्मिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार ब्रह्मा बाबा निराकार शिव के माध्यम बने और राजयोग ध्यान के द्वारा मानव जीवन को तनाव, अशांति और नकारात्मकता से मुक्त करने का मार्ग दिखाया।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने विश्व शांति, सद्भाव और श्रेष्ठ मानव मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात सभी ने श्रद्धा भाव से ब्रह्मा भोजन ग्रहण किया, जिसे सेवाधारी भाई-बहनों द्वारा प्रेमपूर्वक परोसा गया।यह आयोजन आध्यात्मिक जागरण, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक समरसता का एक प्रेरणादायी उदाहरण सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में मंजू तिवारी मंजू अग्रवाल रानी जैन भाजपा नेता सौरभ जैन ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल एवं सशक्त संचालन बी.के. प्रियंका दीदी, प्रभारी – ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र तिल्दा द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### सकरी में भव्य मड़ई मेला का आयोजन 26 को

खरोरा । खरोरा क्षेत्र के ग्राम सकरी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मड़ाई मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर अंचल के समस्त किसान भाइयों, खेल प्रेमियों एवं जनप्रतिनिधियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की विनम्र अपील की गई है। मड़ई मेला का आयोजन 26 जनवरी 2026, सोमवार को किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7 बजे प्रभात फेरी से होगी। इसके पश्चात प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण, प्रातः 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोपहर 1 बजे से खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वहीं रात्रिकालीन कार्यक्रम में आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से जुड़े लोक कलाकारों द्वारा "रंग श्रृंगार किरना" की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी। मड़ई मेला के संबंध में जानकारी देते हुए सूरज कुमार निषाद ने बताया कि यह मेला न केवल ग्रामीण संस्कृति और परंपराओं का उत्सव है, बल्कि छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक संगीत, नृत्य एवं ग्रामीण जीवन की जीवंत झलक भी प्रस्तुत करता है। उन्होंने अंचल वासियों से इस ऐतिहासिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की। कार्यक्रम का आयोजन स्थल भारत माता चौक, ग्राम पंचायत सकरी निर्धारित किया गया है।

### पेंशन एवं वेतन निर्धारण निराकरण कैम्प 27 को

**बलौदाबाजार** । छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव में. अवसर पर पेंशन एवं वेतन निर्धारण संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु कैम्प का आयोजन किया जाएगा । यह कैम्प संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर द्वारा जिला कोषालय बलौदाबाजार में 27 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी सौम्या शर्मा ने सभी विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को पेंशन एवं वेतन निर्धारण संबंधित प्रकरणों का निराकरण कराने हेतु शिविर में शामिल होने का आग्रह किया है।

## निधन

### जैतराम साहू

**पलारी**। नगर पलारी के वार्ड नं 7 निवासी सेवानिर्वित्त प्रिंसिपल जैतराम साहू 82 वर्ष का रविवार को रायपुर में स्वर्गवास हो गया है, उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम तिल्दा (कोंनारी) में किया गया। जहाँ स्वजनों के अलावा बड़ी संख्या में नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है, वे पलारी में संचालित साहू मेडिकल के संचालक बृजमोहन साहू और मोहन साहू के पिताजी है।



### दशोदा देवी शर्मा

**भाटापारा**। दशोदा देवी शर्मा का निधन रविवार 25 जनवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 2 बजे सिविल लाइन भाटापारा स्थित निवास से निकलकर हिन्दू मुक्ति धाम,रामसागर पारा में अंतिम संस्कार किया गया। वे 97 वर्ष की थी और अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई हैं। वे वीरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुशील शर्मा (पूर्व मंडी अध्यक्ष) जितेन्द्र शर्मा और ममता मिश्रा की माताजी थी उनके अंतिम संस्कार मे बडी संख्या मे गणमान्य जन शामिल हुए।



## आयोजन : प्रदेशभर की 30 टीमों ने दिखाया दमखम

# एक दिवसीय कबड्डी स्पर्धा में रोमांचक मुकाबले में हिरमी की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम खपराडीह में आयोजित एकदिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से लगभग 25 से 30 टीमों ने भाग लेकर अपने कौशल और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे दिन चले रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों के जोश और जज्बे ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

फाइनल मुकाबले में बलौदाबाजार जिले के हिरमी की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। महासमुंद जिले के चिखली की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान बेंद्री (बलौदाबाजार जिला) की टीम को मिला, जबकि चतुर्थ स्थान रायपुर जिले की भिलौनी टीम ने प्राप्त किया। विजेता टीम को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार की राशि सहित कप भी प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के अतिथि जनपद सदस्य एवं अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला भानु प्रताप वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुहेला हेमंत बघमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बलौदाबाजार अदिति नेमसिंह बघमार, पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुहेला भुनेश्वर सिंह वर्मा, विश्वनाथ द्विवेदी, पूर्व सरपंच खपराडीह, विनोद वर्मा, पूर्व सरपंच उर्मिला रमेश ध्रुव, सरपंच खपराडीह गजेन्द्र वर्मा, उपसरपंच मधु हेमंत नायक रहे ।







### ये रहे मौजूद

पंचगणों में प्रदीप निर्मलकर,परमेश्वर बघमार, परमेश्वर साहू, मोनिका बघमार, द्रौपदी यद्दु, रेणु बलराम वर्मा, ममता वर्मा, दीपक बघमार, किरण कर्माकर एवं अशोक भारद्वाज प्रमुख रूप से शामिल रहे। ग्राम सत्तादार भोजराम वर्मा, ओंकार बघमार, शोभित वर्मा, अनिरुद्ध बघमार, सहकारी समिति खपराडीह के अध्यक्ष प्यारेलाल बघमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। खेल की कमेंट्री युवा क्लब के अध्यक्ष धर्मेंद्र बघमार ने की, जिनकी जोशीली और सटीक कमेंट्री ने प्रतियोगिता को और भी रोमांचक व प्रभावी बना दिया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं: बघमार

कार्यक्रम में जनपद सदस्य व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुहेला भानुप्रताप वर्मा ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम है और ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अदिति नेमसिंह बघमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल सही मंच देने की है। पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुहेला भुवनेश्वर वर्मा ने आयोजन को सराहनीय बताते हुए कहा कि खेल अनुशासन और चरित्र निर्माण का आधार है। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष सुहेला हेमंत बघमार ने कहा कि खेल सभी को जोड़ने का काम करता है और युवाओं को स्वस्थ जीवन की दिशा देता है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने जानी महिलाओं की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा अपने एक दिवसीय प्रवास पर लवन पहुंची लवन पहुंचकर नगर स्थित शासकीय संस्थाओं में महिलाओं की स्थिति एवं सुविधाओं का निरीक्षण किया । नगर आगमन पर नगर स्थित प्राचीन माँ महामाया मंदिर में पूजा अर्चना कर अपना कार्य प्रारंभ किया सर्वप्रथम नगर के आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर वहां की सुविधाओं का जायजा लेते हुए कार्यकर्ता/ सहायिका की समस्याओं एवं बच्चों को दिए जा रहे पोषक आहार संबंधित जानकारी राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा ली गई एवं उपस्थिति पंजी एवं रसोई घर का अवलोकन किया इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर वहां के प्रसूति वार्ड का निरीक्षण कर प्रसूता महिलाओं से मिलकर उनको मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी उनसे पूछी गई तथा नवजात शिशुओं को आशीर्वाद स्वरुप उपहार प्रदान किया गया तत्पश्चात विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी के साथ संपूर्ण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था पर संतुष्टि जताते हुए आगे और अच्छी सुविधा क्षेत्र के मरीजों को उपलब्ध करने हेतु निर्देशित किया गया इसके बाद नगर के राधे-राधे महिला समूह की बहनों के साथ बैठक कर उनके समूह की गतिविधियों संबंधित जानकारी लेते हुए उन्हें शासन की योजनाओं से जुड़कर उनका लाभ लेते हुए रोजगार मुलक कार्यों की ओर ध्यान देने की बात सदस्य महोदय द्वारा कही गई तत्पश्चात शासकीय महाविद्यालय लवन का दौरा कर वहां बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित सरस्वती पूजा एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुई।

■ आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र व महाविद्यालय का किया निरीक्षण

### ये रहे उपस्थित

इस प्रवास में माननीय सदस्य लक्ष्मी वर्मा के साथ मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी, मंडल उपाध्यक्ष तृप्ति विश्वास, विजय साहू, सुमेंद्र बार्वे, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी चंद्रहास साहू, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नवदीप बांधे, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश भट्ट एवं संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन जनसंवाद का आयोजन 27 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के तत्वावधान में स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन जनसंवाद का आयोजन दिनांक 27 जनवरी 2026 (मंगलवार) को किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक नया बस स्टैंड, रायपुर रोड स्थित विधायक भवन, खरोरा में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य शासकीय सेवाओं पर समुदाय की निगरानी को सशक्त बनाना, ग्रामीणों को अपनी समस्याएं रखने का मंच प्रदान करना तथा अधिकारियों को क्षेत्रीय स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराना है।

साथ ही पंचायत सदस्यों व जनप्रतिनिधियों का स्वास्थ्य से जुड़ाव बढ़ाने और ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति को सशक्त करने पर भी जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 11 से 12 बजे तक स्वच्छता रैली, 12 से 1 बजे तक स्वास्थ्य समस्याओं पर चर्चा, 1 से 2 बजे तक आंगनबाड़ी से जुड़ी समस्याओं, 2 से 3 बजे तक खाद्य विभाग तथा 3 से 4 बजे तक पीएचई विभाग से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। आयोजकों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर डीके कॉलेज में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी 2026 को दाऊ कल्याण शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर नये मतदाताओं का बैज लगाकर स्वागत किया गया व एपिक कार्ड दिया गया। इसके साथ ही एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी,प्रथम अतिरिक्त प्रधान जिला न्यायाधीश राकेश कुमार वर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी ने माँ सरस्वती में छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।प्रधान जिला न्यायाधीश सभी प्रकार के निर्वाचनों में निर्भीक एवं निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी ने कहा कि वास्तव में मतदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम एक जागरूकता कार्यक्रम है जिसमें छात्रों ने रंगोली, पोस्टर, चित्रकला के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति उकेरी है। इसमें वर्तमान में जारी एसआईआर कार्यक्रम भी समाहित है। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु से मतदान का अधिकार मिल जाता है और राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय सरकार बनाने में हमारी भूमिका होती है।बिना डरे, निर्भीक होकर मतदान करें, यह सोचे कि मतदान कर अपने देश का निर्माण कर रहे है।

मतदाताओं ने एसआईआर कार्य में दिया महत्वपूर्ण सहयोगः कलेक्टर

कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि आज के दिन को गणतंत्र के उत्सव के रूप में मना रहे है। हमारे देश में 18 वर्ष के आयु से वयस्क मताधिकार है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को शुद्ध करने समय -समय पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम किया जाता है। इसी क्रम में वर्तमान में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। ऐसे युवा जो 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लेंगे वे भी फॉर्म 6 भरकर एपिक कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले के मतदाताओं ने एसआईआर कार्य में महत्वपूर्ण सहयोग दिया है जिसके लिये जिला प्रशासन आभार व्यक्त करता है। मतदाताओं की सुविधा के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक निर्देश दिये जाते है जिसके तहत सुविधाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है।



### रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को दिया गया प्रशस्ति पत्र

इस अवसर पर रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में देव वर्मा प्रथम, आरती उरांव द्वितीय एवं रोशनी बंजारे तृतीय स्थान रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम रुपाली पटेल, द्वितीय लवी मरावी एवं तृतीय कुम्भज कुमार रहे। कार्यक्रम में उप अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी, संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर सहित महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र -छात्राएं उपस्थित थे।

# बाल विवाह मुक्त जिला बनाने की दिशा में प्रशासन का सशक्त अभियान

**बलौदाबाजार** । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संकल्प के अनुरूप 31 मार्च 2026 तक पूरे राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर जिला प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता और मिशन भावना के साथ कार्य कर रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय टीम द्वारा निर्धारित समय-सीमा से पूर्व लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निरंतर और प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन का उद्देश्य स्पष्ट है कि समाज से बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से समाप्त करना और बच्चों को सुरक्षित, शिक्षित एवं सशक्त भविष्य देना।

जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम द्वारा जनवरी माह में जिले के पलारी, सिमगा, भाटापारा, कसडोल एवं बलौदाबाजार विकासखंड के समस्त धार्मिक स्थलों के मंदिर, मस्जिद, चर्च एवं गुरूद्वारा में जाकर बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान समाज के प्रतिनिधियों से चर्चा कर बाल विवाह के दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी गई तथा बाल विवाह नहीं कराने की शपथ दिलाई गई। यह पहल न केवल कानून का पालन सुनिश्चित करने की दिशा में है, बल्कि समाज की सोच बदलने और भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का मजबूत कदम है।




## पेज 9 के शेष

### सरसीवां अंचल के...

नाराजगी व्यक्त करते हुए एग्रीस्टेक के कार्य, रकबा, खसरा में त्रुटि सुधार करने, टोकन और धान खरीदी के सभी नियम में सरलीकरण और शिथिल करने की मांग करते हुए धान खरीदी के समय अवधि एक माह आगे बढ़ाने की मांग की है।

### छात्रा को एयरगन ...

लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा जान से मारने की नीयत से एयर गन से फायरिंग कर बालिका को गंभीर चोट पहुंचाना स्वीकार किया गया। प्रकरण में तीनों आरोपियों को 25 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### बच्चों को जीवन...

क्रीड़ा उत्सव में मनीष कुमार साहू, निर्मला खूंटे, पितर बाई का सहयोग प्राप्त हुआ। सभी बच्चों को फलों का वितरण किया गया।

# देवर तिल्दा में मनाया गया वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पंचायत देवर तिल्दा के स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया गया जिसमे छोटे-छोटे बच्चों द्वारा नशा मुक्ति के तहत नाटक प्रस्तुत किया नशा मुक्त भारत बनाने के लिए बच्चों द्वारा आयोजित किया गया यह नृत्य। हमारे विद्यालय का वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह और धूमधाम से उत्सव को विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण, अभिभावक और गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। यह आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास और उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच था, जिसमें शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों पर भी जोर दिया गया। प्रमुख रूप से शाला विकास समिति के अध्यक्ष तोलेंद्र साहू ने इस कार्यक्रम को बहुत ही सराहना किया और बच्चों का मनोबल ऊंचा किया।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130













संकलनकर्ता- इन्द्र कोटवानी,हरिभूमि संवाददाता तिल्दा-नेवरा, मो.- 93006886939, 7000171605